Publication: Deshbandhu
Date: 6.11.2012
Edition: New Delhi
Page no.: 5
Headline: New Era Public School wins TCS IT Wiz

न्यू एरा पब्लिक स्कूल बना टीसीएस आईटी विज 2012 का विजेता

नई दिल्ली। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित टीसीएस आईटी विज 2012 के दिल्ली संस्करण को असाधारण प्रतिसाद प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता में दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, पटियाला, पानीपत, हरियाणा तथा वाराणसी के स्कूलों के 1200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। टीसीएस आईटी विज–देश का सबसे बड़ा अंतर विद्यालय आइटी क्विज के दिल्ली संस्करण का आयोजन नई दिल्ली के डोगरा हॉल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में किया गया। प्रारंभिक राउंड और सवाल–जवाब के कुछ कठिन एवं तीव्र फाइनल राउंड के बाद न्यू एरा पब्लिक स्कूल के प्रेम पाल सिंह और अर्नव शर्मा विजेता बनकर उभरे और उन्हें विजेता ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी नोट प्रदान किया गया। मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड के अप्रतिम चरण सिंह और नमन धानुका बेहद कम अंकों से विजेता से पिछड़ गये और रनर–अप बनकर उभरे। उप विजेता के रूप में इन दोनों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार स्वरूप गैलेक्सी टैब प्रदान किया गया। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के प्रसिडेंट–मैन्यूफैक्चरिंग देवाशीष घोष द्वारा प्रदान किया गया।